भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 363 | बिजौलिया - मंगलवार, 21 जुलाई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## राजस्थान में चुनावी बिगुल: सितंबर में निकाय, अक्टूबर से नवंबर तक चार चरणों में पंचायत चुनाव

### हाईकोर्ट में निर्वाचन आयोग ने पेश किया प्रस्तावित कार्यक्रम, 5 नवंबर तक चलेगी मतदान प्रक्रिया; 14 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों और 309 निकायों में होगा चुनाव

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में लंबे इंतजार के बाद स्थानीय स्वशासन संस्थाओं के चुनावों का रास्ता लगभग साफ हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों का प्रस्तावित कार्यक्रम हाईकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। इसके अनुसार सबसे पहले नगरीय निकायों के चुनाव सितंबर में दो चरणों में कराए जाएंगे, जबकि पंचायत चुनाव अक्टूबर और नवंबर में चार चरणों में संपन्न होंगे। आयोग के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार निकाय चुनावों की घोषणा 17 अगस्त और पंचायत चुनावों की घोषणा 23 सितंबर को होगी। हालांकि अंतिम कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा निर्वाचन आयोग द्वारा की जाएगी, इसलिए इसमें आंशिक बदलाव संभव माना जा रहा है।

राज्य निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव के मुताबिक प्रदेश के 309 नगरीय निकायों में दो चरणों में मतदान कराया जाएगा। निकाय चुनाव की अधिसूचना 22 अगस्त को जारी होगी, जबकि 27 अगस्त तक नामांकन पत्र जमा किए जा सकेंगे। 29 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच और 31 अगस्त तक नाम वापस लेने की प्रक्रिया पूरी होगी। चुनाव चिन्हों का आवंटन 1 सितंबर को किया जाएगा। इसके बाद 6 और 9 सितंबर को दो चरणों में मतदान होगा तथा 11 सितंबर को मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

निकायों में पार्षदों के चुनाव के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के लिए अलग से निर्वाचन कराया जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए 12 सितंबर को अधिसूचना जारी होगी, 14 सितंबर तक नामांकन लिए जाएंगे और 19 सितंबर को मतदान के साथ ही मतगणना होगी। वहीं 20 सितंबर को उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

इसके बाद पंचायत चुनावों का बिगुल बजेगा। आयोग के प्रस्ताव के अनुसार 23 सितंबर को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होगी और 28 सितंबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 1 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 3 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 5 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे और इसी दिन अंतिम प्रत्याशी सूची जारी होगी।




पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव इस बार चार चरणों में होंगे। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए क्रमशः 13, 23, 29 अक्टूबर और 3 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। इसके अगले दिन यानी 14, 24, 30 अक्टूबर और 4 नवंबर को वार्ड पंच एवं सरपंच पदों के लिए मतदान होगा। वहीं 15, 25, 31 अक्टूबर और 5 नवंबर को उपसरपंच पद के लिए मतदान कराया जाएगा।

मतगणना की प्रक्रिया 12 नवंबर से शुरू होगी। जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के परिणाम 12 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। इसके बाद 14 नवंबर को प्रमुख एवं प्रधान तथा 15 नवंबर को उपप्रमुख एवं उपप्रधान का निर्वाचन कराया जाएगा।

निर्वाचन आयोग के अनुसार निकाय चुनाव दो चरणों में इसलिए प्रस्तावित किए गए हैं क्योंकि एक चरण के चुनाव के लिए करीब 60 हजार कार्मिक और 50 हजार पुलिसकर्मियों की आवश्यकता होगी। इन चुनावों में प्रदेश के 309 नगरीय निकायों के 10,245 वार्डों, 16,482 मतदान केंद्रों तथा लगभग 1 करोड़ 43 लाख 75 हजार 806 मतदाता मतदान करेंगे।

वहीं पंचायत चुनावों के लिए प्रत्येक चरण में करीब 80 हजार कर्मचारी और 70 हजार पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। पंचायत चुनावों में प्रदेश की 14,403 ग्राम पंचायतों, 457 पंचायत समितियों और 41 जिला परिषदों के 45,316 मतदान केंद्रों पर लगभग 4 करोड़ 2 लाख 18 हजार 969 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

राजनीतिक दृष्टि से इन चुनावों को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेशभर में पंचायतों और नगरीय निकायों के चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। अंतिम कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू होने और चुनावी गतिविधियां पूरी तरह तेज होने की संभावना है।

## बड़लियास पुलिस ने 39.8 किलो डोडा चूरा किया जब्त, कार व बाइक छोड़ी भागे तस्कर




**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव ।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़लियास थाना पुलिस ने रविवार रात बड़ी कार्रवाई करते हुए 39 किलो 800 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से एक क्रेटा कार और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है, जबकि तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

थानाधिकारी जसवंत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम अवैध बजरी परिवहन की रोकथाम एवं गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि जीवा खेड़ा चौराहे से गांव जाने वाले मार्ग पर एक क्रेटा कार और मोटरसाइकिल संदिग्ध हालत में खड़ी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों वाहन जंगल में लावारिस हालत में मिले। कार के शीशे टूटे हुए थे तथा अंदर की पिछली सीट हटाई हुई थी। कार में और उसके आसपास डोडा चूरा बिखरा हुआ मिला।

पुलिस ने मौके से एक कट्टे में 29.860 किलो तथा कार के अंदर बिखरे डोडा चूरे को एकत्र कर 9.940 किलो बरामद किया। इस प्रकार कुल 39.800 किलो अवैध डोडा चूरा जब्त किया गया। पुलिस ने क्रेटा कार और मोटरसाइकिल को भी जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

कार्रवाई में थानाधिकारी जसवंत सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह तथा कांस्टेबल पुखापुरी, अनिल कुमार, संदीप कुमार सहित पुलिस टीम शामिल रही।

## तिलस्वां से लौटते समय काल बन गई रफ्तार: सलावटिया में वैन-बाइक भिड़ंत, युवक और मासूम की मौत

### दो महिलाएं गंभीर घायल, जेसीबी चालक युवक तनख्वाह लेकर लौट रहा था घर; पुलिस ने शुरू की जांच


**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया**

**विकास जैन।** उपखंड क्षेत्र के सलावटिया गांव में सोमवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां उजाड़ दीं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के सामने बाइक और मारुति वैन की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक 22 वर्षीय युवक और एक मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही बिजोलिया थाना पुलिस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल बिजोलिया उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों महिलाओं का इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार मध्यप्रदेश के सिंगोली क्षेत्र से अपने गांव लौट रहे तीखी मानगढ़ निवासी संतोष मीणा (22) पुत्र नंदलाल मीणा की बाइक की भीलवाड़ा की ओर से आ रही एक मारुति वैन से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार दिव्यांशी पुत्री नंदलाल भील की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि संतोष मीणा गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार संजना पत्नी नंदलाल भील निवासी खड़ीपुर तथा प्रियंका पत्नी केशराज भील भी गंभीर रूप से घायल हुई हैं। दोनों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों महिलाएं और मासूम बच्ची तिलस्वां महादेव के दर्शन कर संतोष मीणा के साथ खड़ीपुर लौट रही थीं। वहीं संतोष मीणा मध्यप्रदेश के सिंगोली में जेसीबी चालक के रूप में कार्यरत था और तनख्वाह लेकर अपने गांव तीखी मानगढ़ लौट रहा था। सलावटिया पहुंचने पर यह दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे के बाद पुलिस ने दोनों मृतकों के शव बिजोलिया उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर टक्कर के कारणों का पता लगाया जा रहा है।




मृतक संतोष मीणा

## प्रगति नगर में आधी रात चोरों का धावा, दो घरों के ताले तोड़कर दो बाइक ले उड




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

**शुभम ।** कस्बे की प्रगति नगर कॉलोनी में रविवार देर रात नकाबपोश बदमाशों ने बेखौफ होकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। करीब ढाई बजे चार संदिग्ध कॉलोनी में पहुंचे और कुछ ही मिनटों के भीतर दो अलग-अलग मकानों से बाइक चोरी कर फरार हो गए। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार बदमाश सबसे पहले कॉलोनी निवासी दिलावर सिंह के मकान पहुंचे। उन्होंने मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और परिसर में खड़ी बाइक का लॉक तोड़कर उसे बाहर निकाल लिया। इसके बाद बिना किसी शोर-शराबे के वहां से निकल गए।

पहली वारदात के तुरंत बाद चोर पास ही रहने वाले शिक्षक रामफूल मीणा के मकान पहुंचे। यहां भी उन्होंने मुख्य गेट का ताला तोड़ा और परिसर में खड़ी दूसरी बाइक चोरी कर ली। दोनों घटनाएं इतनी तेजी से हुईं कि घरों में सो रहे लोगों को सुबह होने तक इसकी भनक भी नहीं लगी।

सुबह जब दोनों परिवारों ने गेट के ताले टूटे और बाइक गायब देखी तो आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में चार नकाबपोश संदिग्ध चोरी की गई बाइक ले जाते हुए दिखाई दिए।

दोनों पीड़ितों ने बिजौलिया थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने के साथ उनके संभावित भागने के रास्तों की भी जांच कर रही है।

## देवडूंगरी में मंदिर निर्माण को लेकर विवाद, दो पक्षों ने प्रशासन को सौंपे ज्ञापन

### ग्रामीणों ने निर्माण के लिए सुरक्षा मांगी, देवनारायण गुर्जर सेवा संस्थान ने निर्माण पर रोक लगाने की मांग की


ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन


गुर्जर समाज ने दिया ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

कस्बे के देवडूंगरी स्थित धार्मिक स्थल पर मंदिर निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। सोमवार को मामले में दो अलग-अलग पक्षों ने उपखंड प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी-अपनी मांग रखी। एक पक्ष ने मंदिर निर्माण में बाधा डालने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए सुरक्षा व कानूनी कार्रवाई की मांग की, जबकि दूसरे पक्ष ने मंदिर परिसर में कथित अवैध निर्माण पर रोक लगाकर यथास्थिति बनाए रखने की मांग की है।समस्त ग्रामवासियों की ओर से जिला कलक्टर के नाम दिए ज्ञापन में बताया गया कि देवडूंगरी स्थित बक्यांराणी माता के प्राचीन मंदिर में वर्षों से श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार मंदिर निर्माण का मुहूर्त 21 जुलाई को निर्धारित है। उनका आरोप है कि 18 जुलाई की शाम कुछ लोग मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का विरोध करते हुए जमीन पर अपना दावा जताया तथा निर्माण शुरू करने पर तोड़फोड़ और विवाद की धमकी दी। ग्रामीणों ने संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर निर्माण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित खसरा भूमि सार्वजनिक उपयोग, पार्क एवं पौधरोपण के लिए आवंटित है और वर्तमान में नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में आती है। उनका दावा है कि यहां देवनारायण भगवान, बजरंग बली, मासी देवी एवं बक्यांराणी माता के धार्मिक स्थल पहले से मौजूद हैं, जहां सभी समाज के लोग वर्षों से दर्शन करने आते रहे हैं।वहीं, देवनारायण गुर्जर सेवा संस्थान ने अपने ज्ञापन में कहा कि देवडूंगरी स्थित भगवान श्री देवनारायण मंदिर ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व का स्थल है, जिसकी पूजा-अर्चना और व्यवस्थाएं लंबे समय से गुर्जर समाज करता आ रहा है। संस्थान ने आरोप लगाया कि मंदिर परिसर की 'बनी' में कुछ लोगों द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे मंदिर की धार्मिक गरिमा, ऐतिहासिक महत्व एवं सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है। संस्थान ने प्रशासन से निर्माण कार्य तत्काल रुकवाने, सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने तथा भविष्य में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण या निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।

### एसडीएम ने कहा- बातचीत से निकलेगा समाधान

उपखंड अधिकारी स्वाति झा ने बताया कि दोनों पक्षों से लगातार बातचीत की जा रही है और आपसी समझाइश के प्रयास जारी हैं। फिलहाल मंगलवार को प्रस्तावित नींव कार्यक्रम को स्थगित करने के निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को दोनों पक्षों के साथ बैठक कर आपसी सहमति से समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# पॉक्सो एक्ट व बाल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार जहाजपुर क्षेत्र की गाडौली ग्राम पंचायत में पॉक्सो एक्ट के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय बालिका विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर लोगों को पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह रोकथाम एवं नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी दी। अभियान के दौरान पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम और नशा मुक्ति से संबंधित पोस्टर भी चस्पा किए गए। टीम ने लोगों को बताया कि बच्चों से जुड़े किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न या सहायता की आवश्यकता होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर तुरंत सूचना दी जा सकती है।

कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया एवं सुपरवाइजर राजेश कुमार खोईवाल ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को बाल अधिकारों और बाल सुरक्षा संबंधी कानूनों की जानकारी देकर जागरूक किया।

# घर में घुसकर परिवार पर हमला, रिपोर्ट के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर एसपी से लगाई गुहार,बागोर पुलिस पर कार्रवाई में लापरवाही का आरोप

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**पुनित चपलोत**

जिले की बागोर थाना पुलिस पर जानलेवा हमले के मामले में कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी उनकी रिपोर्ट पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।

बागोर थाना क्षेत्र के नवलपुरा गांव निवासी रामेश्वर सिंह के परिवार पर 17 जुलाई को गांव के ही किशन सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों ने कथित




रूप से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में रामेश्वर सिंह के साथ उनका पुत्र और बेटी घायल हो गए।

पीड़िता गंगा देवी ने बताया, 'हम घर पर खाना खा रहे थे। तभी कुछ लोग अचानक घर में घुस आए और हम पर हमला कर दिया। घर की एक लड़की के साथ भी मारपीट की गई और उसे टॉयलेट में धक्का दे दिया। पूरे परिवार के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। हमारे परिजन अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। जब हम बागोर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने गए तो वहां भी हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, इसलिए हम एसपी से न्याय की गुहार लगाने आए हैं। '

वहीं रामेश्वर सिंह के पुत्र कान सिंह ने बताया, '17 जुलाई को हम घर पर बैठकर खाना खा रहे थे। तभी 10 से 15 लोग अचानक घर के बाहर आए और आते ही चाबी निकालने की बात कहते हुए हमारे साथ मारपीट शुरू कर दी। उस समय पूरा परिवार घर पर मौजूद था और सभी के साथ मारपीट की गई। हमारा उनसे कोई विवाद भी नहीं था। हमने बागोर थाने में रिपोर्ट दी, लेकिन अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए न्याय की मांग को लेकर हम पुलिस अधीक्षक के पास आए हैं। हमारी मांग है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। '

# पंचायतीराज और नगर निकाय चुनावः मतदाता सूचियों के अद्यतन की प्रक्रिया शुरू, नए मतदाता जुड़वा सकेंगे नाम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले में आगामी पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगर निकाय आम चुनावों की तैयारियों के तहत मतदाता सूचियों के निरंतर अद्यतन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ( कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार पंचायत समिति सुवाणा तथा नगर निगम भीलवाड़ा क्षेत्र में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, नाम हटाने, संशोधन एवं स्थानांतरण संबंधी कार्य किए जाएंगे। प्रशासन ने पात्र नागरिकों से समय रहते मतदाता सूची में अपने नाम एवं विवरण का सत्यापन कराने की अपील की है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) ने बताया कि अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर पंचायत समिति सुवाणा की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 25 फरवरी 2026 तथा नगर निगम भीलवाड़ा की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 8 मई 2026 को किया जा चुका है। अंतिम प्रकाशन के बाद प्राप्त नए नाम जोड़ने, संशोधन, स्थानांतरण एवं नाम विलोपन संबंधी आवेदनों के निस्तारण के बाद पूरक-2 प्रकाशित किया जाएगा।

राजस्थान पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम, 1994 एवं राजस्थान नगरपालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के प्रावधानों के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि से 10 दिन पूर्व तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन संबंधी दावे एवं आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। इस अवधि में पंचायत समिति सुवाणा के विभिन्न वार्डों तथा नगर निगम भीलवाड़ा के सभी वार्डों की मतदाता सूचियों का अद्यतन किया जाएगा।

प्रशासन ने मतदाताओं से अपने-अपने वार्ड के प्रगणक से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम, पता एवं अन्य आवश्यक प्रविष्टियों का सत्यापन और संशोधन कराने की अपील की है। साथ ही ऐसे सभी नागरिक, जिन्होंने 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है और जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवा सकते हैं।

# 21 जुलाई से 31 अगस्त तक लगेंगे ग्रामीण सेवा शिविरों के फॉलो-अप कैंप

**जिला कलक्टर ने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के तहत 21 जुलाई से 31 अगस्त तक जिलेभर में फॉलो-अप शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में मुख्य अभियान से जुड़े सभी 21 विभाग आमजन के लंबित कार्यों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करेंगे।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन स्थानों पर मुख्य अभियान के दौरान शिविर आयोजित नहीं हो सके, वहां 31 अगस्त से पहले शिविर लगाकर उसके बाद फॉलो-अप शिविर आयोजित किए जाएं। साथ ही प्रत्येक लाभार्थी का नाम एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए।

फॉलो-अप शिविरों में रास्तों और अतिक्रमण से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों एवं ई-मित्र कियोस्क सेवाओं संबंधी आदेशों की पालना सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध तरीके से लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

प्रशासन का उद्देश्य फॉलो-अप शिविरों के माध्यम से पात्र लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना तथा लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करना है।

# कांगनी-सालेरा मार्ग पर जानलेवा गड्ढे, हर दिन हादसों का बढ़ रहा खतरा

**तीन किलोमीटर में सौ से अधिक गड्ढे, वाहन चालक हो रहे घायल, ग्रामीणों ने जल्द मरम्मत की मांग की**

भीलवाड़ा फोकस @ कांगनी।

**राकेश शर्मा ।** कांगनी से सालेरा होते हुए गंगापुर-आमेट जाने वाले मार्ग की बदहाल स्थिति राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे होने से आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग ने अब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई है। ग्रामीणों के अनुसार कांगनी से सालेरा के बीच करीब तीन किलोमीटर के हिस्से में सौ से अधिक छोटे-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। बरसात के दौरान इनमें पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक अचानक संतुलन खो बैठते हैं। रात के समय स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है।

इसी मार्ग से खजुरिया श्याम जाने वाले श्रद्धालु और पदयात्री भी बड़ी संख्या में गुजरते हैं। ऐसे में सड़क की खराब हालत किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई



वाहन चालक अब तक चोटिल हो चुके हैं और समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत कर गड्ढे भरवाने की मांग की है, ताकि राहगीरों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

# राजेश शर्मा ने सीबीईओ बिजोलिया का कार्यभार संभाला



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

शिक्षा विभाग में सोमवार को प्रशासनिक बदलाव के तहत राजेश शर्मा ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ), बिजोलिया के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह सादगीपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर निवर्तमान सीबीईओ माली राम यादव सहित कार्यालय स्टाफ ने उनका स्वागत किया। समारोह में रायपुर एवं सहाड़ा ब्लॉक के शिक्षा विभाग के कार्मिक भी उपस्थित रहे और नवपदस्थापित अधिकारी को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के डॉ. दुर्गाशंकर, ओम मेड़तिया , मुकेश धनोपिया , वेद प्रकाश एवं गोपाल सोनी सहित राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ, शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) तथा प्रबोधक संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सभी ने राजेश शर्मा का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद राजेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए सभी शिक्षकों एवं कार्मिकों के सहयोग से बेहतर कार्य किया जाएगा। समारोह का समापन आपसी शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# ओडो का खेड़ा मर्डर केस में नया मोड़ः बेघर हुआ आरोपी पक्ष का परिवार, 2 महिलाओं और 8 बच्चों को जान से मारने की धमकी, SP से लगाई न्याय की गुहार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत**

भीलवाड़ा के ओडो का खेड़ा में हुए बहुचर्चित हत्या मामले में अब नया मोड़ सामने आया है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद आरोपी पक्ष का परिवार दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर होने का दावा कर रहा है। परिवार का आरोप है कि दो महिलाओं और आठ बच्चों सहित उन्हें अपना घर छोड़ना पड़ा, जिससे वे बेघर हो गए हैं। परिवार का कहना है कि विपक्षी पक्ष के लोग लगातार उन्हें जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। इन धमकियों से परेशान होकर परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने अपने घर में सुरक्षित वापसी कराने और परिवार को सुरक्षा उपलब्ध



कराने की मांग की है। वहीं, परिवार ने आरोप लगाया कि राहुल ने उनकी केबिनों से सामान चोरी कर लिया है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आने का दावा किया गया है।

परिजन भोंपू लाल ओड ने कहा कि यह भीलवाड़ा के ओडो का खेड़ा का मामला है। 4 मार्च को जो घटना हुई, वह पारिवारिक विवाद का मामला था। आपसी रंजिश के चलते झगड़ा हुआ और सामने वाले पक्ष के पेमालाल ओड ने पूरे परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर हत्या का मामला दर्ज करा दिया। इस मामले में परिवार के सात पुरुष और दो महिलाएं जेल में बंद हैं, जबकि आठ बच्चे और दो महिलाएं बाहर हैं। पिछले साढ़े चार महीने से वे इधर-उधर भटक रहे हैं। 4 मार्च को कोतवाली थाना पुलिस उन्हें मेरे पास छोड़कर गई थी, तब से मैंने उन्हें अपने पास रखा है। इसके बाद राहुल ओड ने मुझे फोन कर धमकी दी कि इन्हें यहां से निकाल दो, नहीं तो तुम्हारी भी खैर नहीं होगी। परिवार के पास न रहने के लिए घर है, न खाने-पीने का सामान और न ही पहनने-ओढ़ने के कपड़े व बिस्तर हैं। मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है और पता नहीं यह कब तक चलेगा। वहीं दूसरी तरफ पीड़िता अंशी ने कहा कि राहुल ओड उन्हें उनके घर में घुसने नहीं दे रहा है। उसका आरोप है कि राहुल ने उनकी केबिनों में रखा सारा सामान चोरी कर बेच दिया और लगातार जान से मारने की धमकियां दे रहा है। इन धमकियों के कारण वे बेघर हो गए हैं। उनके पास न घर है और न ही रहने का कोई ठिकाना। उन्होंने बताया कि वे रिश्तेदारों के यहां भी रहने जाते हैं तो राहुल उन्हें भी जान से मारने की धमकी देता है। इसी कारण वे आज एसपी कार्यालय पहुंचे हैं, ताकि उन्हें अपने घर में सुरक्षित वापसी मिल सके और न्याय प्राप्त हो।

# मालीपुरा-कैसरगंज मार्ग पर अधूरा निर्माण बना मुसीबत


**करोड़ो की सड़क पर अधूरे डिवाइडर और सड़क किनारों के गड्ढों से बढ़ा हादसे का खतरा**

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**मानव तिवाड़ी।** मालीपुरा से कैसरगंज चौराहे तक नवनिर्मित सड़क मार्ग पर आवागमन शुरू हो चुका है, लेकिन निर्माण कार्य अभी भी पूरी तरह पूरा नहीं होने से वाहन चालकों की परेशानी बनी हुई है। सड़क के बीच डिवाइडर का निर्माण अधूरा है, वहीं दोनों ओर समतलीकरण नहीं होने से कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है।

करीब 2 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति से इस सड़क परियोजना को मंजूरी मिली थी, जबकि सड़क निर्माण का कार्यादेश (वर्क ऑर्डर) 1 करोड़ 35 लाख रुपये का जारी किया गया था। मुख्य सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद यातायात तो शुरू कर दिया गया, लेकिन शेष कार्य अब भी अधूरे हैं।


स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के दोनों ओर मिट्टी भराव और समतलीकरण नहीं होने से कई जगह सड़क और कच्चे हिस्से के बीच काफी ऊंचाई का अंतर है। इससे विशेष रूप से दोपहिया वाहन



चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। वहीं सड़क के मध्य डिवाइडर का निर्माण भी अधूरा है। वर्तमान में डिवाइडर के बीच नगर पालिका की ओर से विद्युत पोल लगाने का कार्य किया जाना शेष है।

व्यापारियों का कहना है कि करीब दो वर्षों तक चले सड़क निर्माण के कारण उनका व्यापार प्रभावित रहा और अब सड़क चालू होने के बावजूद अधूरे कार्य लोगों की परेशानी का कारण बने हुए हैं।

पीडब्ल्यूडी के कनिष्ठ अभियंता नरेंद्र धाकड़ ने बताया कि सड़क किनारे बने गड्ढों को जल्द भरने के लिए ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि डिवाइडर के मध्य नगर पालिका द्वारा विद्युत पोल लगाने का कार्य शेष है। इस संबंध में पालिका से समन्वय कर जल्द कार्य पूरा कराया जाएगा, ताकि सड़क मार्ग पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके।



QUICK BITES

## अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मीना का पंचायत सहायक शिक्षकों ने किया स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**दिलखुश मोटीस**

सावर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गणपत लाल मीना का पंचायत सहायक शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर कालेड़ा कवरजी, घटियाली, चितिवास, कुसायता, सावर सहित अन्य ग्राम पंचायतों के सहायक शिक्षकों ने गणपत लाल मीणा का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया।

स्वागत के दौरान गणपत लाल मीणा ने सभी पंचायत सहायक शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि कार्यालय से संबंधित उनके सभी कार्यों का समय पर एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने भी बेहतर समन्वय और सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

## रामदेव बैरवा बने अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला महामंत्री

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर की बैठक ज्योतिनगर स्थित पंचमुखी हनुमानजी मंदिर परिसर में जिलाध्यक्ष गोपाल तेली की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम सोनी रहे।

बैठक में 2 अगस्त को सांवलिया सेठ मंडपिया में होने वाली प्रांत बैठक की तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही नए हनुमान चालीसा केंद्र शुरू करने, हिन्दू परिवार संपर्क अभियान चलाने तथा महिलाओं व युवतियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रजापति की सहमति से रामदेव बैरवा को अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर पदाधिकारियों ने साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया। बैठक में संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगर निकाय चुनावः वार्ड मतदाता सूची में नाम व विवरण का सत्यापन कराने की अपील

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नगर निकाय आम चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में नगर निगम भीलवाड़ा की मतदाता सूची का निरंतर अद्यतन किया जा रहा है। अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर तैयार निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 8 मई 2026 को किया जा चुका है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) ने बताया कि अंतिम प्रकाशन के बाद प्राप्त नए नाम जोड़ने, संशोधन, स्थानांतरण एवं विलोपन संबंधी आवेदनों के निस्तारण के उपरांत पूरक-2 का प्रकाशन किया जाएगा। राजस्थान नगरपालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि से 10 दिन पूर्व तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन संबंधी दावे-आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी।

प्रशासन ने नगर निगम क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपने-अपने वार्ड के प्रगणक से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम, पता एवं अन्य प्रविष्टियों का सत्यापन और आवश्यक संशोधन समय पर कराने की अपील की है। साथ ही जिन नागरिकों ने 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है और जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना नाम जुड़वा सकते हैं।




# निष्काम कर्म और प्रभु भक्ति से ही मिलेगा अखंड सुखः आचार्य रामदयालजी महाराज





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचन्द पेसवानी**

अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगद्गुरु आचार्य स्वामी श्री रामदयालजी महाराज ने कहा कि जीवन में निष्काम भाव से किए गए कर्म और साधना ही सार्थक होती है। कामना ही मनुष्य के दुखों का सबसे बड़ा कारण है। यदि भगवान श्रीराम और सद्गुरु की कृपा से मनुष्य संसार के बजाय संसार के सृजनकर्ता परमात्मा को चाहने लगे, तो उसके समस्त दुख दूर होकर अखंड सुख की प्राप्ति होती है।

वे सोमवार को 'विश्व शांति कल्याण' चातुर्मास के तहत आयोजित दैनिक सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। आचार्यश्री ने भीलवाड़ावासियों की श्रद्धा और भक्ति की सराहना करते हुए कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें भीलवाड़ा में पांचवीं बार चातुर्मास करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि चातुर्मास ऐसा हो कि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन 'सत्यम्, शिवम्, सुंदरम्' बन जाए तथा परिवार और समाज में रामभक्ति के साथ राष्ट्रभक्ति का संदेश पहुंचे।

आचार्यश्री ने सेवा भावना का महत्व बताते हुए कहा कि सेवा कभी भी पद, प्रतिष्ठा, सत्ता या सांसारिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि परमात्मा की प्राप्ति के उद्देश्य से होनी चाहिए। मनुष्य को केवल ईश्वर की कृपा और उनके साक्षात्कार की कामना करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि जीवन में जवाबदारी, जिम्मेदारी, समझदारी और ईमानदारी जैसे चार गुण सदैव बने रहें, तो अधिकांश समस्याओं का समाधान स्वतः हो जाता है। आचार्यश्री ने श्रद्धालुओं की भावना को ध्यान में रखते हुए दैनिक सत्संग का समय बदलने की घोषणा की। मंगलवार से प्रवचन प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 10 बजे तक होंगे। सत्संग के समापन पर डाड परिवार 'राम-राम सा' के सदस्यों ने आचार्यश्री की आरती उतारी। कार्यक्रम में भीलवाड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

**चातुर्मास में होंगे विविध आध्यात्मिक आयोजन**

चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 5 से 6 बजे रामधुनी, 8:30 से 9 बजे वाणीजी का पाठ तथा 9 से 10 बजे प्रवचन होंगे। प्रतिदिन सूर्यास्त के समय संध्या आरती आयोजित की जाएगी। 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। 13 से 20 सितंबर तक पूज्य वाणीजी प्रवचन सप्ताह एवं भागवत ज्ञान महोत्सव आयोजित होगा। 25 सितंबर को आचार्यश्री अवतरण महोत्सव तथा 26 सितंबर को अवतरण आनंदोत्सव मनाया जाएगा। 15 अक्टूबर को पंचमी गोटका जी की भव्य शोभायात्रा निकलेगी, जबकि 22 अक्टूबर को चातुर्मास का विधिवत समापन होगा।

# गोकुल डेयरी ने मनाया 22वां स्थापना दिवस, 50 हजार लीटर प्रतिदिन दूध खरीद-बिक्री का लक्ष्य

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचन्द पेसवानी**



भीलवाड़ा जिले की अग्रणी दुग्ध संस्था गोकुल डेयरी (ब्रांड दूधवाला) ने सोमवार को अपने प्लांट परिसर में 22वां स्थापना दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया। समारोह में डेयरी के चेयरमैन, मुख्य सलाहकार, प्रबंध संचालक, जनरल मैनेजर, परिवारजन, कर्मचारियों तथा मुख्य अतिथि एल. के. जैन (पूर्व प्रबंध संचालक, भीलवाड़ा सरस डेयरी) की उपस्थिति रही। समारोह को संबोधित करते हुए प्रबंध संचालक अशोक चौबे ने कहा कि गोकुल डेयरी वर्तमान में जिले के करीब 11 हजार पशुपालकों से जुड़ी हुई है। डेयरी पशुपालकों को उचित मूल्य के साथ मुख्यमंत्री दुग्ध संबल योजना के तहत ?5 प्रति लीटर का प्रोत्साहन उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा डेयरी अपने स्तर से भी अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि का भुगतान कर रही है। उन्होंने बताया कि संस्थान ने आगामी वर्षों में प्रतिदिन 50 हजार लीटर दूध की खरीद एवं बिक्री का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके अनुरूप उत्पादन, संग्रहण और विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है।

मुख्य सलाहकार मुरलीधर व्यास ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि डेयरी भविष्य में भी कर्मचारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक वर्ष वेतन एवं भत्तों में वृद्धि के साथ-साथ कर्मचारियों और उनके परिवारों की आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए भी निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

मुख्य अतिथि एल. के. जैन ने डेयरी की प्रगति की सराहना करते हुए कर्मचारियों से गुणवत्तापूर्ण कार्य एवं अनुशासित कार्यसंस्कृति अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दूध एवं दुग्ध उत्पादों की नई श्रृंखला विकसित कर बाजार में उतारने की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में जनरल मैनेजर अमित व्यास ने सभी अतिथियों, कर्मचारियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने जिले तथा आसपास के क्षेत्रों में गोकुल डेयरी (ब्रांड दूधवाला) के उपभोक्ता आधार को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्ता और विश्वास के बल पर डेयरी निरंतर विकास की ओर अग्रसर रहेगी। समारोह के दौरान डेयरी की 22 वर्षों की विकास यात्रा, पशुपालकों के प्रति प्रतिबद्धता तथा भविष्य की विस्तार योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया।

# यूआईटी की 3081 भूखंडों की विवादित लॉटरी पर फिर उठे सवाल, 90 हजार आवेदकों को न्याय दिलाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**जांच समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, रिकॉर्ड उपलब्ध कराने और नई निष्पक्ष लॉटरी कराने की मांग, सात दिन में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



नगर विकास न्यास (यूआईटी) भीलवाड़ा द्वारा 16 अक्टूबर 2025 को आयोजित 3081 भूखंडों की विवादित लॉटरी में कथित अनियमितताओं को लेकर सोमवार को वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी हेमेन्द्र शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता राघव कोठारी, बृजेश पारीक सहित 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट डॉ.हरीतिमा को मुख्यमंत्री के नाम विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने यूआईटी लॉटरी प्रकरण की जांच समिति की संपूर्ण रिपोर्ट तत्काल सार्वजनिक करने, करीब 90 हजार आवेदकों की संपूर्ण आवेदन सूची, पात्र एवं निरस्त आवेदनों का रिकॉर्ड तथा लॉटरी प्रक्रिया से जुड़े सभी सार्वजनिक अभिलेख उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही विवादित लॉटरी के दौरान प्रभारी रहे एईएन रविश श्रीवास्तव को जांच एवं न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने तक नगर विकास न्यास से पदमुक्त करने का भी आग्रह किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यह मामला वर्तमान में राजस्थान उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नहीं की गई है। इसके अलावा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत मांगे गए दस्तावेज सक्षम प्राधिकारी के आदेशों के बावजूद उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि यदि जांच एवं न्यायिक प्रक्रिया में किसी अधिकारी, कर्मचारी अथवा अन्य संबंधित व्यक्ति की भूमिका सामने आती है तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। यदि लॉटरी प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं सिद्ध होती हैं तो विवादित लॉटरी को निरस्त कर पात्र आवेदकों को समान अवसर प्रदान करते हुए पूरी तरह पारदर्शी एवं निष्पक्ष नई लॉटरी प्रक्रिया आयोजित कराई जाए। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि यह मामला केवल 3081 भूखंडों का नहीं, बल्कि लगभग 90 हजार परिवारों के विश्वास, पारदर्शिता, सुशासन और प्रशासनिक जवाबदेही से जुड़ा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से जनहित में त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने का आग्रह करते हुए चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर मांगों पर कार्रवाई शुरू नहीं की गई तो प्रभावित आवेदकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से चरणबद्ध लोकतांत्रिक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में एडवोकेट नृपेन्द्र सिंह राणावत, नवीन शर्मा, पवन त्रिपाठी, रितेश गुर्जर, हिमांशु शुक्ला, अभिषेक केडिया, दीपक कुमावत, अशोक शर्मा (जहाजपुर) एवं ललित देवनानी सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट ने 515 जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटी शैक्षणिक सामग्री

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**मानव तिवाड़ी ।** लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट की ओर से बिजोलिया, मकरेड़ी, कांस्या, सलावटिया, भोपतपुरा तथा बूंदी जिले के गरड़दा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उनकी शिक्षा को निरंतर बनाए रखना और विद्यालय से उनका जुड़ाव मजबूत करना है। कार्यक्रम के तहत कक्षा 9वीं एवं 10वीं के 335 तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं के 180 विद्यार्थियों सहित कुल 515 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, कॉपियां, ज्योमेट्री बॉक्स एवं ग्राफ बुक प्रदान किए गए। सामग्री वितरण संबंधित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान किया गया।

इस अवसर पर अभिभावक, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, एसडीएमसी सदस्य, सरपंच एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी राजमल भील, संस्था की असिस्टेंट कॉर्डिनेटर शकुंतला धाकड़ एवं रवि पाल, केंद्र कार्यकारी रेनू कंवर, बेबी वर्मा, सोनल खींची, राकेश मीणा, पवन बैरागी, प्रमोद धाकड़ सहित एसएफएसईपी के शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# स्वस्थ एवं सफल जीवन का महत्वपूर्ण आधार है मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्यः डॉ. टी.एन. मंजूना थ

## आरोग्य भारती चित्तौड़ प्रांत, भीलवाड़ा महानगर के तत्वावधान में आध्यात्मिक स्वास्थ्य विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




आरोग्य भारती चित्तौड़ प्रांत, भीलवाड़ा महानगर के तत्वावधान में सोमवार को महात्मा गांधी अस्पताल परिसर स्थित नर्सिंग इंस्टीट्यूट में ष्आध्यात्मिक स्वास्थ्यष् विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आरोग्य भारती के राष्ट्रीय सचिव डॉ. टी.एन. मंजूनाथ ने कहा कि केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य भी स्वस्थ एवं सफल जीवन का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते तनाव, अवसाद और मानसिक असंतुलन से बचने के लिए आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाना आवश्यक है। जब व्यक्ति अपने जीवन में नैतिकता, सकारात्मक सोच, आत्मचिंतन और आध्यात्मिकता को स्थान देता है, तो वह न केवल तनावमुक्त रहता है बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए भी उपयोगी नागरिक बनता है। कार्यक्रम में आरोग्य भारती चित्तौड़ प्रांत के अध्यक्ष राधेश्याम चौचानी तथा प्रांत सचिव कैलाश सोमानी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने संगठन द्वारा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता, भारतीय जीवनशैली के प्रचार-प्रसार तथा समग्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न सेवा एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरोग्य भारती भारतीय चिकित्सा पद्धति, योग, प्राकृतिक जीवनशैली और आध्यात्मिक मूल्यों के माध्यम से स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। गोष्ठी में चिकित्सकों, नर्सिंग विद्यार्थियों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा आरोग्य भारती के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों ने आध्यात्मिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने विवास व्यक्त किया कि ऐसे कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ आध्यात्मिक मूल्यों के प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# बिजली बिलों में सिक्योरिटी अंतर राशि की वसूली पर उपभोक्ता कल्याण समिति का विरोध

## अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन, बिना स्पष्ट कारण हजारों रुपये की अतिरिक्त वसूली रोकने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



उपभोक्ता कल्याण समिति, राजस्थान के प्रदेश पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर बिजली उपभोक्ताओं के बिलों में सिक्योरिटी राशि के अंतर की वसूली का कड़ा विरोध जताया। समिति ने इसे उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बताते हुए तत्काल इस प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में 2 हजार रुपये से लेकर 20 हजार रुपये तक की सिक्योरिटी अंतर राशि जोड़कर वसूली की जा रही है। इतना ही नहीं, निर्धारित समय में यह राशि जमा नहीं कराने पर नोटिस जारी कर बिजली कनेक्शन काटने की चेतावनी भी दी जा रही है, जिसे समिति ने पूरी तरह अनुचित और उपभोक्ता हितों के विरुद्ध बताया। समिति का कहना है कि जब उपभोक्ताओं के स्वीकृत विद्युत लोड, बिजली की खपत अथवा प्रति यूनिट दरों में कोई बढ़ोतरी या बदलाव नहीं हुआ है, तो विभाग में पहले से जमा सिक्योरिटी राशि का अंतर अब किस आधार पर वसूला जा रहा है। पदाधिकारियों ने विभाग से इस संबंध में स्पष्ट नीति सार्वजनिक करने तथा उपभोक्ताओं पर डाली जा रही अतिरिक्त वित्तीय जिम्मेदारी को समाप्त करने की मांग की। प्रदेश संगठन मंत्री पंकज हेमराजानी ने बताया कि ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट अशोक जैन, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र कुमार मारू, युवा प्रदेशाध्यक्ष अनिल पारीक, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सरगरा, एडवोकेट रतनलाल चन्देल तथा एडवोकेट ओमप्रकाश तेली सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। समिति ने चेतावनी दी कि यदि उपभोक्ताओं की इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो प्रदेशभर में आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

# भाविप भगत सिंह शाखा ने सांवरिया सेठ धाम में मनाया छप्पन भोग महोत्सव, भजन संध्या में उमड़ी श्रद्धा

## भक्तिमय वातावरण में गूंजे भजन, गौशाला परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भारत विकास परिषद, भगत सिंह शाखा की ओर से नौगांवा स्थित सांवरिया सेठ धाम में छप्पन भोग महोत्सव एवं विशाल भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और परिषद सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। भजन संध्या में पंडित देवकीनंदन शर्मा ने अपनी मधुर एवं भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। देर तक चले भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे और सांवरिया सेठ के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान शाखा से जुड़े नवीन सदस्यों ने अपना परिचय दिया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने आपसी परिचय, संवाद और मिलनसारिता के माध्यम से संगठन की एकजुटता को और मजबूत करने का संदेश दिया। आयोजन के समापन पर नौगांवा गौशाला परिसर में पौधारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों को पौधे भी वितरित किए गए तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प दिलाया गया। शाखा अध्यक्ष कुलदीप माथुर व कार्यक्रम प्रभारी कमलेश लाठी ने कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।




इस अवसर पर भाविप के प्रांतीय पदाधिकारी श्याम कुमावत सपरिवार, सचिव मुकेश छीपा, कोषाध्यक्ष दीपक तुरर्किया, महिला प्रमुख पूनम डाड, दीपेश खंडेलवाल, सावन मालीवाल, दिलिप काबरा, सीए अंकित लखोटिया एवं गौरव झंवर सहित उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। पूरे आयोजन में भक्ति, सेवा, संगठन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया।

# 10 सूत्रीय मांगों को लेकर टेंपो यूनियन द्वारा विशाल रैली का आयोजन व प्रर्दशन कर सौंपा ज्ञापन

## प्रशासन को एक माह का समय, जल्द सुधारें हालात अन्यथा यूनियन उतरेगी सड़कों पर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भारतीय मजदूर संघ से संबंध भीलवाड़ा जिला टेंपो यूनियन द्वारा प्रभाष चौधरी के नेतृत्व में अपनी 10 सूत्रीय मांग को लेकर 20 जुलाई को टेंपो सहित श्रम विभाग से कलेक्ट्रेट तक विशाल वाहन रैली निकालकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू व जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा को ज्ञापन दिया गया। युनियन के राजेश पारीक ने बताया कि रैली श्रम विभाग मैदान से रवाना होकर मुख्य मार्गो से होती हुई जिला कलेक्ट्रेट पहुंची और रैली में शामिल सभी टेंपो चालक प्रदर्शन कर अपना 10 सूत्रीय मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपा कलेक्ट्रेट पर रैली के बाद टेम्पो चालकों को कलेक्ट्रेट पर प्रदेश विधिक सलाहकार प्रभाष चौधरी व जिला मंत्री हरीश सुवालका ने संबोधित किया। रैली श्रम विभाग से पांसल चौराहे होते हुए गंगापुर चौराहा, रेलवे फाटक, साबुन मार्ग, नगर निगम कार्यालय, कोतवाली रोड, रेलवे स्टेशन, सेशन कोर्ट होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची 10 सूत्रीय मांगों में निर्धारित टैक्सी स्टैंड पर किराया सूची लगाना, टेंपो स्टैंड के लिए निर्धारित स्टैंड तय करना, परिवहन विभाग की मीटिंग में टेंपो यूनियन के दो सदस्यों को शामिल करना, टेंपो के मार्ग तय करना, रिक्को एवं पुर टेंपो स्टैंड पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी लगाना, ट्रैफिक पुलिस द्वारा अनावश्यक रूप से चालान बनाना, विभिन्न मार्गो पर अवैध रूप से चल रहे हैं वाहनों पर प्रतिबंध लगाने सहित अन्य कई बिंदु



मांगपत्र में शामिल रही प्रशासन से जल्द ही मांग पत्र पर विचार कर समाधान हेतु आग्रह किया यदि समाधान नहीं होता है तो संघ की बैठक कर आंदोलन पर विचार किया जाएगा इस दौरान रामलाल गुर्जर ईस्माइल नारायणलाल कैलाश आदि मौजूद थे।

QUICK BITES

## राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष बने धनराज सिंह, भंवर सिंह तहसील अध्यक्ष तो दलपत सिंह उपाध्याय

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शीला सुखदेव सिंह गोगामेडी, योगेंद्र सिंह कटार वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व संगठन मंत्री, अभयराज गोगामेडी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, उजागर सिंह डाबला प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान ने धनराज सिंह निवासी अमरतिया को भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया । इसके बाद जिला अध्यक्ष धनराज सिंह ने कोटड़ी तहसील की कार्यकारिणी का गठन किया, इसमें भंवर सिंह निवासी बिरमियास को कोटड़ी तहसील अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया । वही दलपत सिंह सोलंकी निवासी सोलंकिया का खेड़ा को कोटड़ी तहसील उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया । जिला अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनने पर ही शुभचिंतक और परिचित बधाई शुभकामना दे रहे हैं ।।

## मन्नत पूरी होने पर घुटने के बल चलकर देवनारायण भगवान के मंदिर पहुंचा भक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर क्षेत्र के सुप्रसिद्ध मोचड़िया के मंड देवनारायण के सोमवार को अनोखा नजारा देखने को मिला, जहां अपनी मन्नत पूरी होने पर एक भक्त घुटने के बल चलकर देवनारायण भगवान के मंदिर पर पहुंचा । ग्रामीणों ने बताया कि बनकाखेड़ा निवासी भगवान लाल गाड़री ने देवनारायण भगवान से मनोकामना की कि अगर उनका कार्य सफल होगा तो वह घुटनों के बल चलकर देवनारायण भगवान के मंदिर पहुंचेंगे । इस पर मन्नत पूरी होने पर आज सोमवार को अपने घर से गाजे-बाजे, डीजे के साथ दोपहर सवा दो बजे घर से घुटने के बल रवाना हुए, जो मुख्य बस स्टैंड, देवनारायण गेट होते हुए तीन किलोमीटर की यात्रा कर देवनारायण भगवान के मंदिर में पहुंचकर भगवान को मथा टेककर भगवान का आभार व्यक्त किया, इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं पुरुष उनके साथ चले, जहां अंत में देवनारायण भगवान को प्रसादी का भोग लगाया ।।

## राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत 125 वरिष्ठ नागरिकों का हुआ चिन्हीकरण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सोमवार को नगर निगम टाउन हॉल में अंग एवं सहायक उपकरणों के चिन्हीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सांसद दामोदर अग्रवाल की अनुशंसा, जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम लिमिटेड (एएलआईएमसीओ), कानपुर के सहयोग से किया गया।

शिविर का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद ओमप्रकाश पाराशर तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राम अवतार जाट ने किया। इस दौरान विभाग के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र कुमार व्यास, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नूतन कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

शिविर में 125 वरिष्ठ नागरिकों का छड़ी, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, चश्मा, कमोड, सिलिकॉन फोम तकिया, नी-ब्रेस, स्पाइनल सपोर्ट, सर्वाइकल कॉलर सहित विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए पात्रता के आधार पर चिन्हीकरण एवं पंजीकरण किया गया।

उप निदेशक राम अवतार जाट ने बताया कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके जीवन को अधिक सहज, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाना है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।